नवभारत

आदिवासियों के लिए एंबुलेंस सेवा

■ **पुणे,** (सं.) ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवा को बढ़ाने के एक सामाजिक उद्यम के हिस्से के रूप में, क्विक हिल टेक्नोलॉजीज की सीएसआर शाखा हिल फाउंडेशन ने, रायगढ़ जिले में आदिवासी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए आरएसएस जनकल्याण समिति को एक नई एम्बुलेंस दान की. आरएसएस जनकल्याण समिति क्षेत्र में वंचितों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है और साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच योजनाएं भी संचालित करती है.

दूरदराज के इलाकों में यात्रा करने वाले डॉक्टरों व मरीजों के लिए उपयोगी

क्विक हिल का अत्याधुनिक 'आरोग्य यान' रायगढ़ जिले के आदिवासी क्षेत्रों के लोगों की सेवा करेगा. यह दूर-दराज के इलाकों में यात्रा करने वाले डॉक्टरों और मरीजों के लिए उपयोगी होगा. साथ ही रायगढ़ जिले के आदिवासी लोगों को नियमित जांच, निदान और उपचार जैसी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी.

Pune Edition
14-june-2021 Page No. 5
epaper.enavabharat.com